| | |
|---|---|
| किसान का नाम | – दधिची मंडल |
| पिता का नाम | – स्व0 शंशाकशेखर पाल |
| माता का नाम | – रेणुका मंडल |
| ग्राम | – पोटका |
| शैक्षणिक योग्यता | – इंटर एवं आई0टी0आई0 |
| मोबाइल नं0 | – 7903976230 |

किसान दधिची मंडल पोटका के युवा किसान में से जाने जाते है। प्रखण्ड मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर इनका 4 बीघा जमीन है जहाँ ये सब्जी की खेती कर अपने परिवार का जीवीकोपार्जन कर रहा है।

दधिची मंडल इंटर तक पढ़ाई किये है साथ में आई0टी0आई0 भी। इनके पिताजी पहले परपंरागत तरीके से धान की खेती करते थे । धान की खेती से परिवार का खर्च चल जाता था पर अतिरिक्त आय का श्रोत नहीं होने से अन्य आर्थिक जरूरतों को पुरा करने के लिए मजदूरी भी कर लेते ।

दधिची मंडल के पिताजी अपने 01 बीघा जमीन में सब्जी की खेती शुरू किये । सब्जी की खेती से उन्हें नगद मुनाफा हो जाता था। आत्मा से तकनीकी जानकारी मिला साथ ही जिला उद्यान विभाग से कीट रहित संरचना एवं ड्रिप इरीगेशन अनुदान पर प्राप्त किया। सिचांई का श्रोत की उपलब्धता होने से दधिची मंडल के पिताजी पुरे 4 बीघा में सब्जी की खेती करने लगे।

इनके परिवार में सिर्फ 2 लोग है। इनकी माता ओर वह स्वयं । वर्ष 2019 में इनके पिताजी का देहांत हो गया है, तब से दधिची मंडल अपनी माँ रेणुका मंडल के साथ मिलकर खेती–बाड़ी कर जीवीकोपार्जन कर रहे हैं।

दधिची मंडल को आत्मा के तरफ से येलो ट्रेप दिया गया है जिसे सब्जी के क्यारियों में एक निश्चित दूरी पर लगाया गया है इससे कीड़ा पीला रंग देखकर आकर्षित होकर उसमें फंस जाता है। समय–समय पर आत्मा के प्रखण्ड कर्मी के द्वारा इनके खेतों का भ्रमण कर उचित तकनीकी सुझाव दिया गया है ।

अभी दधिची मंडल पुरे 4 बीघा जमीन में बरबटी, फुलगोभी, बंधागोभी, करेला, फेंचबीन, टमाटर, सरसों लगाया है। सालाना सब्जी की खेती से दधिची मंडल को 1.50 लाख से 2.00 लाख आमदनी हो रहा है।


2021-1-5 12:08


2021-1-5 11:55


2021-1-5 12:15


2021-1-5 12:13